## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल आज सतना आयेंगे

सतना। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 25 जुलाई 2026 को सायं 6.30 बजे विट्स महाविद्यालय में आयोजित युग प्रवर्तक डॉ.हेडगेवार संघ सृजन के भव्य नाट्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सायं 7 बजे सतना से कार द्वारा रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### चित्रकूट में विवादित भूमि पर तनावः दबंगों ने स्कूली बच्चों को बनाया मोहरा

**धर्मनगरी में प्रशासनिक लापरवाही से मंडराया बड़ा खतरा,पटवारी और आरआई पर टाल मटोल के आरोप**

सतना। धर्मनगरी चित्रकूट स्थित कहार धर्मशाला की विवादित जमीन पर कब्जे की नीयत से तनाव का माहौल बन गया है। आरोप है कि अक्षय बटवालों नामक व्यक्ति जबरन ट्रैक्टर लेकर धर्मशाला की विवादित भूमि जोतने पहुंच गया। इस दौरान एक स्कूल मास्टर द्वारा मासूम बच्चों को विवादित स्थल पर लाकर आगे कर दिया गया। पीड़ित परिवार का कहना है कि जमीन के सीमांकन का आवेदन पहले से तहसील कार्यालय में लंबित है,लेकिन पटवारी और राजस्व निरीक्षक की ढुलमुल कार्यप्रणाली के कारण नाप टल रही है। स्थानीय लोगों ने बच्चों की जान खतरे में डालने वाले शिक्षक और अवैध कब्जे का प्रयास करने वाले दबंग के खिलाफ सख्त पुलिस व प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है।

### सतना एवं मैहर जिले की दिशा की बैठक आज

सतना। सतना एवं मैहर जिले की जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में 25 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर सतना विकास सिंह ने संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

### सतना जिले में अब तक 343.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

सतना। जिले में इस वर्ष 1जून से 24 जुलाई तक 343.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 432.8 मि.मी.,सोहावल (रघुराजनगर) में 302.3 मि.मी.,बरौंधा(मझगवां) में 398.2 मि.मी, बिरसिंहपुर में 460.8 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 388.2 मि.मी.,नागौद में 358.3 मि.मी., जसो (नागौद) में 136.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 273 मि.मी.औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 567.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

### जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल की बैठक आज

सतना। जिला खनिज न्यास प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 25 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में आयोजित की गई है।

सभी संबंधितों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# नीट पेपर लीकः यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई का उग्र प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट घेराव के दौरान पुलिस से झड़प, तोड़फोड़









सतना।

देश भर में चर्चित नीट पेपर लीक मामले और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सतना में यूथ कांग्रेस और एन एसयूआई का जोरदार आक्रोश देखने को मिला। शुक्रवार को छात्रों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तब बेहद तनावपूर्ण हो गई जब उग्र कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर लगाए गए बैरिकेड्स तोड़ने का प्रयास किया और पुलिस के साथ तीखी धक्का-मुक्की व झड़प हुई।

### जुलूस में उमड़ा छात्र- छात्राओं का हुजूम

आंदोलन की शुरुआत प्रेम नगर अंडर ब्रिज के पास से हुई,जहाँ सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं और कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए। एनएसयूआई और कांग्रेस पार्टी के बैनर तले कलेक्ट्रेट तक एक विशाल जुलूस निकाला गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि देश की शिक्षा व्यवस्था में लगातार हो रही गड़बड़ियों से युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। जुलूस के दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने दावा किया कि वर्ष 2013 के बाद जिले में छात्रों का ऐसा ऐतिहासिक और विशाल आंदोलन पहली बार देखा गया है,जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### बैरिकेड्स टूटे, पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त; कई हिरासत में

कलेक्ट्रेट पहुंचने पर जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की,तो माहौल गर्मा गया। बैरिकेड्स हटाने को लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच भारी रस्साकसी और तीखी बहस हुई। इसी आपाधापी के बीच उग्र कार्यकर्ताओं द्वारा कोतवाली टीआई की गाड़ी में तोड़फोड़ करने का मामला भी सामने आया। स्थिति को बेकाबू होते देख पुलिस ने मुस्तैदी दिखाई और बल प्रयोग कर भीड़ को नियंत्रित किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री डॉ.रश्मि सिंह सहित लगभग एक दर्जन कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। अंत में,आंदोलनकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री को तत्काल पद से हटाने और देश की शिक्षा व्यवस्था में कड़े सुधार की मांग की।

# राशन को तरसे ग्रामीण, कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कोटेदार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



मैहर। ग्राम पंचायत डांडी के ग्रामीण कई महीनों से राशन नहीं मिलने की शिकायत लेकर शुक्रवार की दुकान कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा ग्रामीणों ने कोटेदार बालेंद्र प्रजापति पर राशन वितरण में लापरवाही और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई परिवारों को लंबे समय से राशन नहीं मिला है,जिससे उनके सामने भोजन की समस्या खड़ी हो रही है। उन्होंने कलेक्टर से मामले की जांच कर पात्र हितग्राहियों को उनका हक दिलाने और राशन वितरण व्यवस्था सुचारू कराने की मांग की। इस दौरान मैहर कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी 'दद्दा' ने चेतावनी दी कि यदि ग्राम पंचायत के गरीबों को राशन नहीं मिला और कोटेदार पर वैधानिक कार्रवाई नहीं हुई तो जनता आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। वहीं कलेक्टर कार्यालय की ओर से ग्रामीणों को मामले की जांच कर दोषी कोटेदार पर कार्यवाही का आश्वासन मिला है ज्ञापन के दौरान दयाराम कोल,तौकीद,संगीता,प्रीति,पूनम, बालकिशन श्याम सुंदर,जुनैद अहमद,धीरेंद्र कुशवाहा,अनीता विश्वकर्मा,सावित्रीबाई,पुष्प लता,नीतू, अर्चना दहिया,विमल दहिया,कुसुम,हीरालाल चौधरी,भाईलाल चौधरी,रामसिया चौधरी,रिंकू कुशवाहा, विजय दहिया,राजेश कोल,सोनू दहिया,वाल्मीक दहिया राम मनोहर दहिया आदि ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया शहर का निरीक्षण, सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत के दिए निर्देश

**सतना। कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने शुक्रवार को शहर की यातायात व्यवस्था एवं सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लेने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देने को कहा।**





कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने एकेएस क्रिस्तकुला रोड एवं गढिया टोला क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मार्ग की स्थिति सुधारने एवं सड़क का नवीन निर्माण कराने के निर्देश दिए,ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके। इसके पश्चात कलेक्टर ने नजीराबाद रोड एवं कोठी मोड़ का भी निरीक्षण किया। यहां सड़क की जर्जर स्थिति को देखते हुए उन्होंने मरम्मत कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाएगी तथा कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। साथ ही नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो,इसका भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना,एसडीएम राहुल सिलाडिया,कार्यपालन यंत्री राहुल कुमार पटेल,मुकेश चतुर्वेदी,अजय पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाआरती के साथ वैश्य महासम्मेलन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ भव्य स्वागत

**सतना। वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश में नई जिम्मेदारियाँ मिलने के उपलक्ष्य में पन्नीलाल चौक स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की महाआरती,स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**



मीडिया प्रभारी महेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के नवनियुक्त जिला प्रभारी राजीव गुप्ता 'बबलू भैया' एवं सतना नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता (माधवगढ़) का पुष्पमालाओं एवं अंगवस्त्र से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वैश्य समाज के वरिष्ठजन,पदाधिकारी,युवा एवं समाजबंधुओं ने भगवान भोलेनाथ की महाआरती में सहभागिता कर समाज की एकता,संगठन की मजबूती एवं जनकल्याण की कामना की। महाआरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल (चांदी), सुरेश गुप्ता एडवोकेट,लखन केसरवानी,राजीव गुप्ता 'बबलू भैया',अभिषेक जैन,जय अग्रवाल,व्यापारी संघ अध्यक्ष नवीन गुप्ता 'मुन्ना भैया',रमेश गुप्ता,महेश गुप्ता,संतोष विश्वकर्मा,सार्थक फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष मोगिया,पार्षद पी.के.जैन,नीलांबर झा,सुमित गुप्ता,नरेंद्र जायसवाल, शिव नारायण गुप्ता, कसौधन समाज युवक मंडल के अध्यक्ष विकाश गुप्ता,महामंत्री योगेश गुप्ता,राज गुप्ता,शिवम गुप्ता, अनिमेष गुप्ता,राकेश गुप्ता,अजीत गुप्ता,सतीश गुप्ता,संदीप गुप्ता,हिमालय गुप्ता,अमन ताम्रकार,राजू सिंह,उमंग गोयंका,सागर चौरसिया,आशीष चौरसिया,अलंकार झा,नवीन चतुर्वेदी,सुभाष चौरसिया, प्रदीप रजक,गप्पू हलवाई सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के गणमान्यजन एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

# संदीपन विद्यालय मझगवां में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत हुआ भव्य कार्यक्रम



सतना। 'गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा' कार्यक्रम के अंतर्गत संदीपन विद्यालय मझगवां (प्राथमिक विभाग) द्वारा शिक्षकों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया,जो अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात प्राथमिक विभाग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मधुर स्वरों में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की और स्वागतगीत के माध्यम से अतिथियों का भावभीना स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मझगवां क्षेत्र के वरिष्ठ एवं जाने-माने शिक्षक श्री लूमेश्वर प्रसाद शर्मा उपस्थित रहे। मंच पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पवन कुमार,श्रीमती निशा सिंह ठाकुर,रामनरेश नामदेव तथा माध्यमिक विभाग के प्रधानाध्यापक राजेश पांडे गरिमामय रूप से आसीन रहे। बच्चों की मनमोहक व प्रेरणादायक प्रस्तुतियाशिक्षकीय वेशभूषा में बालिकाओं का संदेशः कक्षा 3,4 और 5 की छात्राओं ने शिक्षकीय वेशभूषा धारण कर प्ले-कार्ड्स के माध्यम से अनुशासन का महत्व,कठिन परिश्रम,असफलता से न डरना,बेझिझक प्रश्न पूछना,देश-समाज के लिए एकजुट होकर कार्य करना और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने जैसे प्रेरणादायक संदेश प्रस्तुत किएप्ले-कार्ड प्रदर्शनः कक्षा 1,2 और 3 के विद्यार्थियों ने सुंदर संदेशों वाले प्ले-कार्ड्स के साथ अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान प्रकट किया। बच्चों का यह संबोधन और अभिनय छात्रों के परिप्रेक्ष्य में अत्यंत उच्च कोटि का था। कार्यक्रम की उत्कृष्ट प्रस्तुति यह दर्शा रही थी कि प्राथमिक विभाग के शिक्षकों ने इसकी तैयारी बहुत ही लगन और मेहनत से कराई है,जिसके लिए वे प्रशंसा के पात्र हैं।

# सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का विशाल नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



सतना। मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा परिवहन व्यवसाय से जुड़े सभी सम्मानित ट्रांसपोर्टर,ट्रक चालक , क्लीनर एवं मैकेनिक भाइयों के लिए विशाल नेत्र शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नशे से दूरी,है ज़रूरी 2.0अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश पुलिस प्रशासन द्वारा नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सुदीप सोनी (थाना प्रभारी,कोलगवां) रहे। श्रीमती रमा देवी (सूबेदार),लाखन पंडा (एएसआई),यातायात थाना की टीम तथा महिला थाना से श्रीमती राखी साकेत (हेड कांस्टेबल) एवं श्रीमती मीनाक्षी तिवारी (कांस्टेबल) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष मनोज शर्मा,महामंत्री अभिषेक जैन,कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता,राजेश केसरवानी,विनोद गुप्ता,ब्रजकिशोर अग्रवाल,महेंद्र जैन,अमरेश सिंह,प्रमोद मिश्रा,भरत चौरसिया,इंजीनियर नीलांबर झा सहित एस.एम.टी.ए.स्कूल का समस्त शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य परिवहन व्यवसाय से जुड़े सभी साथियों के स्वास्थ्य की देखभाल,नेत्र परीक्षण तथा नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। सभी उपस्थित अतिथियों एवं सहभागियों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया।

# एकेएस विश्वविद्यालय में डेटा स्ट्रक्चर एवं एल्गोरिद्म पर सेमिनार

सतना।

**एकेएस विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग में डेटा स्ट्रक्चर एवं एल्गोरिद्म (DSA) तथा प्रतिस्पर्धी कोडिंग पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता आशीष तिवारी ने विद्यार्थियों को डेटा स्ट्रक्चर,एल्गोरिद्मिक सोच,समय जटिलता,कोड ऑप्टिमाइजेशन,समस्या समाधान तकनीकों तथा तकनीकी साक्षात्कार और प्लेसमेंट में DSA की उपयोगिता पर व्यावहारिक जानकारी दी।**




एप्सिलॉन प्राइवेट लिमिटेड,इंदौर के सुधीर पाटिल ने उद्योग जगत की नवीनतम आवश्यकताओं,करियर के अवसरों तथा नियमित कोडिंग अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बीसीए,बी.टेक. एवं एमसीए के लगभग 200 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रो-चांसलर इंजी.अनंत कुमार सोनी,कुलपति प्रो. बी. ए. चौपड़े,कंप्यूटर साइंस विभाग के अधिष्ठाता डॉ.अखिलेश ए.वाऊ,कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ.चंद्रशेखर गौतम तथा कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ.प्रमोद सिंह ने विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया। आयोजन में अनुराग तिवारी एवं आनंद द्विवेदी का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### बाईपास पर लोडिंग ट्रकों का कब्जा, घंटों जाम में फंस रहे राहगीर



**अमानगंज।** नगर के बाईपास मार्ग पर इन दिनों दोनों ओर बड़ी संख्या में लोडिंग ट्रकों के खड़े रहने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। सड़क के दोनों किनारों पर ट्रकों की लंबी कतार लगने से मार्ग संकरा हो जाता है, जिसके कारण छोटे-बड़े वाहनों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई बार आमने-सामने से वाहन आने पर घंटों तक जाम लगा रहता है। राहगीरों, स्कूली बच्चों, एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों को भी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाईपास पर ट्रकों के स्थायी रूप से खड़े रहने से दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी रहती है। नगरवासियों ने प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि बाईपास मार्ग पर अवैध रूप से खड़े लोडिंग ट्रकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए नियमित निगरानी की जाए, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

### राजस्थान में रोजगार के दौरान अजयगढ़ के युवक राजा लोधी का निधन, माखनपुर में अंतिम संस्कार; क्षेत्र में शोक

**अजयगढ़।** अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम माखनपुर निवासी राजा लोधी (36 वर्ष), पिता श्रीपाल लोधी, का रोजगार के सिलसिले में राजस्थान में रहते हुए असमय निधन हो गया। इस दुखद घटना से माखनपुर सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजा लोधी राजस्थान की एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। विगत रात्रि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उनके साथियों ने उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। जैसे ही उनके निधन की सूचना माखनपुर स्थित परिजनों को मिली, परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर गृह ग्राम माखनपुर लाया गया, जहां परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि दिवंगत राजा लोधी अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बेटियों को छोड़ गए हैं। कम उम्र में उनके असामयिक निधन से परिवार गहरे सदमे में है। ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 184 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# प्रदेश की छवि को चमकाने में पन्ना का योगदान अद्वितीय- मुख्यमंत्री





**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड की धरती हीरों, वीरों और महावीरों की धरती है। उन्होंने आल्हा ऊदल के शौर्य, रत्नगर्भा बुंदेलखंड की धरती को नमन करते हुए कहा कि बुंदेलखंड की धरती पर आकर रोम-रोम में रोमांच आ जाता है। इतिहास, धर्म, संस्कृति और खनिजों से परिपूर्ण बुंदेलखंड की धरती देश में अनूठी है। आपके लिए यहां जन्म लेना और मेरे लिए पन्ना में आना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि पन्ना जिला ने प्रदेश को हीरा के रूप में वैश्विक पहचान दिलाई है। प्रदेश की छवि को चमकाने में पन्ना का अद्वितीय योगदान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पन्ना जिला मुख्यालय स्थित होमगार्ड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रिमोट के माध्यम से लगभग 184 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से मध्यप्रदेश के करीब 35 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 210 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर की। इस दौरान उन्होंने प्रतीक स्वरूप विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के हितग्राहियों एवं आत्मनिर्भर ग्राम पंचायतों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री को कृषि कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में हल भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विरासत से विकास की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है। हमारी संस्कृति ने संपूर्ण पृथ्वी को एक परिवार माना है। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक समान कानून लागू किया जाएगा। जिससे नागरिक कानूनों में व्याप्त भेदभाव, और ऐसी समस्त कुप्रथाओं को समाप्त किया जाएगा जो महिलाओं, उनके व्यक्तिगत और समाजिक हितों के विपरीत हों। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता कानून समस्त समाजों, समुदायों और व्यक्तियों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार संबंधी समस्त प्रदेशवासियों पर एक समान रूप से लागू किया जाएगा। हाल ही में इसे विधानसभा में पारित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से बुन्देलखंड में किसानों की स्थिति बेहतर होगी। गांव-गांव में पानी का प्रबंध किया जाएगा। परियोजना से पूरे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। यहां की खेती फसलोत्पादन में पंजाब-हरियाणा को पीछे छोड़ेगी। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा की किसान अपनी जमीन न बेचें। किसानों को बिजली पानी की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान की बहुमूल्य जमीन अगर किसी परियोजना के लिए ली जा रही है तो किसानों को अपनी जमीन का चार गुना मुआवजा सरकार के द्वारा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कमी नहीं रहने देंगे। प्रदेश के युवाओं के रोजगार के लिए अभी पुलिस के 10 हजार पदों की मंजूरी दी गई है। सभी विभागों को मिलाकर एक लाख से अधिक पद स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को रोजगार - स्वरोजगार की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश सरकार गरीब, युवा, महिला, किसान के कल्याण के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गौपालकों के लिए गोपाल अभियान चलाया जा रहा है। दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश आगे बढ़ रहा है। किसानों को दूध का बाजिव दाम दिलाने के लिए सांची सहकारिता को मजबूत करने का कार्य सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में देश के कुल दुग्ध उत्पाद का अभी 12 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन हो रहा है। इसे 20 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य सरकार ने निर्धारित किया है। इसी प्रकार मछली पालन के लिए भी विभिन्न योजनायें चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के लिए सरकार सतत रूप से कार्य कर रही है। प्रदेश के बच्चों को अच्छी और उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए, शिक्षा को संस्कृति और संस्कार से जोड़ते हुए सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। आज जो सांदीपनि विद्यालयों का लोकापर्ण हुआ है वहां समस्त आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में बुन्देलखंड आगे बढ़ रहा है। औद्योगिक पार्क, खाद्य प्रसंस्करण, खेत के कारखाने और कारखाने से निर्यात तक किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार कार्य कर रही है। प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए निवेश हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के चार महानगरों इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर में फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि पन्ना में अगले वर्ष से मेडिकल कॉलेज चालू किया जाएगा। उन्होंने भगवान जुगल किशोर मंदिर के विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि प्रदान करने एवं बृजपुर में कॉलेज खोलने सहित विभिन्न सड़कों एवं पुल-पुलियों को बनवाने की घोषणा की। खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जो समान नागरिक संहिता का कानून बनाया गया है, उससे अब समाज का प्रत्येक वर्ग, समुदाय और व्यक्ति एक ही कानून की छत्रछाया में आ खड़ा होगा। उन्होंने पन्ना जिले को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देने पर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है। पन्ना विधानसभा क्षेत्र के विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में विकास की नई रेखा खींची है और प्रदेश में विकास जमीनी स्तर पर देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि केन-बेतवा, रुंझ और मंझगाव परियोजनाओं के प्रभावितों के बैंक खातों में दो सौ करोड़ रुपए से अधिक की राशि डाली गई है। इसके साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा जनहित को देखते हुए प्रदेश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए लिएगए ऐतिहासिक निर्णय की सराहना की है। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे सिंह परमार, नगर पालिका अध्यक्ष पन्ना श्रीमती मीना पाण्डेय, बृजेन्द्र मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री जुगल किशोर के किए दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को पन्ना प्रवास के दौरान श्री जुगल किशोर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री जुगल किशोर के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने विधिवत पूजन अर्चन कर प्रदेशवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर प्रांगण का भ्रमण भी किया और भक्तगण एवं श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। इसके उपरांत गुरू पूर्णिमा महोत्सव के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की। इस मौके पर सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं जिलाध्यक्ष श्री बृजेन्द्र मिश्रा भी उपस्थित रहे।



## केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने निकाला केंडल मार्च



**पन्ना।** केन्द्रीय षिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस अब सड़कों पर चल पड़ी है पन्ना जिला मुख्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी ने केंडल मार्च निकालकर जहां केन्द्र में बैठी अहंकारी सरकार के विरोध में अपनी मांग कहीं न कहीं छात्र हितों को ध्यान में रखकर केंडल मार्च निकालकर यह संदेष दिया कि कांग्रेस पार्टी अब चुप बैठने वाली नहीं जब तक केन्द्रीय षिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा नहीं होता जब तक कांग्रेस अपने केन्द्रीय नेतृत्व को ध्यान में रखते हुये अपनी मांग को लेकर तरह-तरह से संघर्ष को लेकर तत्पर नजर आ रही है। निष्चिततौर पर जहां षिक्षा का तंत्र इस समय किन हालातों में पहुंच गया यह देखते ही बनता है। जहां परीक्षा संपन्न होने के पहले पेपर लीक हो जाते है वहीं नीट की परीक्षा पेपर किस तरह से जो आज कई बार जो हालात बने इसमें कई छात्र-छात्राओं ने अपना मानसिक संतुलन खोकर जो अपनी जान गवां दी यह सरकार की खामियां उजागर हुई नीट परीक्षा का विरोध जहां एक साजिस के तहत जिस तरह से जिम्मेदारों की परवाह न करते हुये अपने सुभचिंतों को किस तरह से सफलता वहीं पढने वालों को असफलता हांथ लगी वहीं युवा इस देष का जो अब चुप नहीं बैठा हालात केन्द्र सरकार के खिलाफ जिस तरह से संघर्ष को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर में पढे-लिखे युवा अपनी मांग को लेकर संघर्ष के लिये जाने जा रहे है लाठियां भी पुलिस की खाई हालात इमरजेंसी से बतदर इनदिनों दिल्ली के हालात देखकर ऐसा महसूस किया जा रहा है कि इस देष में अब लोकतंत्र को लेकर चिंता की लकीरें स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। विरोध भी करना लाठियां खाने को लेकर माना जा रहा है। वैसे भी जिस तरह से बर्बता पूर्ण छात्र-छात्राओं के ऊपर दिल्ल पुलिस ने लाठियां चलाई जिसके चलते आक्रोष चारों तरफ पनप गया। वहीं कांग्रेस पार्टी ने विपक्ष की भूमिका अदा करने को लेकर जहां विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विगत दिवसों में पीएम आवास के सामने धरना दिया गिरफ्तारी दी संसद में भी केन्द्रीय षिक्षा मंत्री धर्मेन्द प्रधान के स्तीफे की मांग को लेकर अपना साफ रूख बयां किया। जब तक इस्तीफा नहीं तब तक कांग्रेस चुप नहीं नतीजा जिलों में भी कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्षन पन्ना जिला मुख्यालय में कैंडल मार्च निकालकर केन्द्रीय षिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरू पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होकर संतों का प्राप्त किया आशीर्वाद



**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अलौकिक जगत में संतों की वाणी से बेहतर जीवन का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रदेश में जनकल्याण के समस्त कार्य भगवान के आशीर्वाद से संचालित हैं। हमारे जीवन में संस्कारों का होना भी बहुत आवश्यक है। देश के सभी तीज-त्यौहार भी सार्थक संदेश के माध्यम से मानव कल्याण का संदेश देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को पन्ना प्रवास के दौरान श्री जुगल किशोर मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के कार्यक्रम में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने श्रीधाम वृंदावन से पधारे संत श्री श्री 108 महंत स्वामी किशोरदास जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और विभिन्न स्थानों से आए भक्तगणों का अभिवादन कर संतों के सानिध्य में प्रेरणादायी वक्तव्य का अनुसरण करने एवं प्रेरणा प्राप्त करने की बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पन्ना की पावन धरा वृंदावन का लघु स्वरूप है, इसी तरह बुंदेलखंड के अयोध्या के रूप में ओरछा की मान्यता है। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा के साथ अलग-अलग धर्म के सभी पर्वों को उत्साह के साथ मनाएं। साथ ही विक्रम सम्वत के आयोजन तथा भगवान श्रीराम एवं कृष्ण से जुड़े स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति की अलग विशेषता है। अब प्रदेश के सीएम राइज स्कूल सांदीपनि विद्यालय के नाम से संचालित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन और पुस्तकालय की स्थापना होगी। इसके अलावा प्रदेश सरकार वृंदावन ग्राम बनाने की अवधारणा पर भी तेजी से आगे बढ़ रही है। हमें धर्मार्थ से परमार्थ की राह पर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब प्रदेश में सभी धर्म के लिए एक कानून होगा। सर्वधर्म समभाव के जरिए प्रदेश तरक्की की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पन्ना में प्रत्येक वर्ष तीन दिवसीय कथा उत्सव का आयोजन होगा तथा पन्ना में संस्कृत विद्यालय खोला जाएगा। पन्ना विधायक और पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पन्ना में संतों का समागम सौभाग्य की बात है। पन्ना विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण का कार्य भी संचालित है। इस अवसर पर सांसद विष्णुदत्त शर्मा, राजनगर विधायक अरविन्द पटेरिया, जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पन्ना हेलीपैड पर हुआ आत्मीय स्वागत



**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को पन्ना जिला मुख्यालय पर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पन्ना हेलीपैड पहुंचे। हेलीपैड आगमन पर जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के साथ खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा भी साथ थे। इस अवसर पर पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, रविराज यादव द्वारा मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया, जबकि प्रशासन की ओर से संभागायुक्त अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक मिथलेश शुक्ला सहित कलेक्टर ऊषा परमार, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू व अन्य अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हेलीपैड पर हाथ उठाकर आम जनता का अभिवादन किया और उपस्थितजनों से भेंट करने के उपरांत कार से भगवान श्री जुगल किशोर के दर्शन तथा होमगार्ड ग्राउण्ड पन्ना में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुए।



## म.प्र. भोज मुक्त विश्वविद्यालय गुनौर में हुआ पौधारोपण

**गुनौर।** मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में महाविद्यालय गुन्नौर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अध्ययन केंद्र के प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में छायादार एवं फलदार पौधे रोपे गए। वक्ताओं ने कहा कि पौधारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। सभी प्रतिभागियों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लिया।विश्वविद्यालय का यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति उसकी सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय समय-समय पर शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। इस द्वारान महाविद्यालय प्रचार्य पान कुंवर लोधी,इनू सिंह, लखन लाल साहू,मनीष खरे,पूरन सिंह,विपिन तिवारी,सिद्धांर्थ लखेरा,मोनू तिवारी, बिहारी लाल,नन्द लाल सहित छात्र उपस्थित रहे।

## गुनौर में बकायादारों पर कार्रवाई, एक दिन में 35 उपभोक्ताओं के कनेक्शन कटे



**गुनौर।** बिजली बिल का भुगतान न करने वाले बकायादारों के खिलाफ मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (गुन्नौर केंद्र) ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। विद्युत विभाग की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से शहर के बकायादारों में हड़कंप मच गया है।

### इन प्रमुख इलाकों में हुई बड़ी कार्रवाई

शुक्रवार को वितरण केंद्र गुन्नौर के अंतर्गत विशेष अभियान चलाते हुए बड़े बकायादारों के कनेक्शन काटने की प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। टीम ने शहर के अलग-अलग प्रमुख क्षेत्रों में दबिश देकर त्वरित कार्रवाई की। किसान टोला, अमानगंज रोड, हरद्वाही मोड, बस स्टैंड सिली तिराहा, कटन रोड, साकेत नगर इन सभी इलाकों में लंबे समय से बिल जमा न करने वाले 35 प्रमुख बकायादार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए।

### लगातार जारी रहेगा कार्रवाई का चाबुक

बिजली विभाग के अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि यह तो सिर्फ शुरुआत है। आने वाले दिनों में यह अभियान और भी तेज होगा। बिना बिल भरे बिजली का उपयोग करने वाले किसी भी उपभोक्ता को बख्शा नहीं जाएगा और यह सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### विभाग की अपील

शहर के समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं से विनम्र अपील की जाती है कि असुविधा और कार्रवाई से बचने के लिए अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान शीघ्र अति शीघ्र करें। उपभोक्ता घर बैठे ऑनलाइन माध्यम (डच्च्ड्टटब्स ।चच/च्वतजंस/चीवदमच्म/ळववहसम च्ंल आदि) से भी अपना बिल जमा कर सकते हैं। ध्यान दें यदि आपने अभी तक अपना बिजली बिल जमा नहीं किया है, तो तुरंत जमा करें, अन्यथा बिना किसी पूर्व सूचना के कनेक्शन काटा जा सकता है।



### श्रीमती गीता देवी चतुर्वेदी का निधन

**अमानगंज।** अमानगंज नगर के प्रतिष्ठ चतुर्वेदी परिवार की सबसे सयानी समझदार और धार्मिक महिला श्रीमती गीता देवी चतुर्वेदी का दुखत निधन बीती शाम हो गय, वह 88वर्ष की थी किसी भी प्रकार से बीमार नहीं थी हंसते बोलते अपने परिवार के बीच से चली गई। इस बात की सूचना जैसे ही नगर में फैली तो उनके सभी शुभचिंतकों नाते रिश्तेदारों में एक बड़ी शोक की लहर बन गई।जिनका अंतिम संस्कार आज हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार नगर के मुख्य श्मशान घाट में किया गया। उन्हें मुखाग्नि उनके सबसे छोटे पुत्र सत्यम ने दी। आपकी अंतिम यात्रा में काफी संख्या में स्थानीय व क्षेत्रीय लोग शामिल रहे। जिन्होंने आपकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से कामना की ज्ञात हो कि आप कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हेमंत चतुर्वेदी उर्फ ज्ञान की माताजी एवं भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन के पूर्व अध्यक्ष पंडित जयप्रकाश चतुर्वेदी की चाची एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी की बड़ी माताजी है। आपके निधन पर दोनों ही संगठनो के अलावा विप्र समाज व्यापारी वर्ग उपस्थित रहा।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मेहगवां में एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान मुन्नू आदिवासी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मृतक की भाभी लक्ष्मी आदिवासी ने थाने में सूचना दी कि सुबह करीब 10 बजे वह घर से बाहर निकलीं तो देखा कि उनके जेठ मुन्नू आदिवासी गांव के पास एक खेत में लगे बिजली के खंभे से शर्ट के कपड़े के सहारे फंदे पर लटके हुए थे। शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और डायल 112 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। परिजनों के अनुसार, मुन्नू आदिवासी ने किन कारणों से यह कदम उठाया, इसकी जानकारी नहीं है। अमानगंज पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# भोपाल-खजुराहो के लिए एक और ट्रेन की सौगात मिलेगी, सांसद बीडी शर्मा के प्रयास से रेल मंत्रालय ने दी मंजूरी, जल्द जारी होगा ट्रेन का समय

## महामना के समय परिवर्तन को लेकर केन्द्रीय मंत्री की घोषणा में एक माह बाद भी नहीं हुआ अमल

छतरपुर।

**पर्यटन नगरी खजुराहो से भोपाल के लिए अभी महामना ट्रेन चल रही थी लेकिन इस ट्रेन का समय बदलने की चर्चाओं के बाद जनता ने एक आबाज उठाई थी कि भोपाल-खजुराहो के बीच एक और ट्रेन चलाई जाए। जनता की इस मांग को खजुराहो सांसद बीडी शर्मा ने गंभीरता से लिया और उन्होंने रेल मंत्री से नई ट्रेन चलाने के संबंध में चर्चा की जिससे खजुराहो भोपाल के बीच एक नई ट्रेन को मंजूरी मिल गई, हालांकि अभी ट्रेन के चलने का समय जारी नही हुआ है। लेकिन जल्द ही ट्रेन के चलने की समय सारिणी रेल्वे द्वारा जारी की जाएगी जिसमें जनता के आवागमन को भी ध्यान में रखा जाएगा। खजुराहो सांसद के प्रयास से शुरू होने वाली यह नई ट्रेन पर्यटन के क्षेत्र में तथा आम नागरिकों के लिए मील का पत्थर भी साबित होगी।**



खजुराहो भोपाल के बीच एक नई ट्रेन चलाने की मांग काफी समय से चल रही थी क्योंकि खजुराहो अतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल है और पर्यटन स्थल के नाते खजुराहो-भोपाल के बीच एक अतिरिक्त ट्रेन की आवश्यकता थी। यह ट्रेन पर्यटन की दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण होगी। बल्कि क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को राजधानी की यात्रा करने में सुगमता मिल सकेगी। यह ट्रेन क्षेत्र के लिए बड़ा उपहार होगी। नई रेल सेवा की मंजूरी मिलने से क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह भी देखा जा रहा है। क्योंकि पिछले कुछ दिनों से महामना ट्रेन के समय परिवर्तन को लेकर चल रही चर्चाओं से जनता असमंजस में थी। नई ट्रेन की घोषणा होते ही क्षेत्र के लोगों में जहां भारी उत्साह देखा जा रहा है, वहीं ट्रेन के समय को लेकर भी उत्सुकता बरकरार है क्योंकि जनता और व्यापारियों का मानना है कि यदि नई ट्रेन के संचालन की समय सारिणी सही रही तो जनता को काफी लाभ मिलेगा। इसलिए रेल विभाग को चाहिए कि बुंदेलखड की जनता की भावनाओं का आदर करते हुए नई ट्रेन जो खजुराहो और भोपाल के बीच चलने वाली है उसका समय जनहित को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया जाए।

महामना ट्रेन का समय बदलने से जितना लाभ लोगों को नहीं मिलना था उससे कहीं ज्यादा परेशानी क्षेत्र के लोगों को होने वाली थी। केन्द्रीय मंत्री डॉ.बीरेन्द्र कुमार खटीक ने लोगों की मांग पर महामना का समय बदलने के लिए रेल विभाग से चर्चाएं की लेकिन इन चर्चाओं को लेकर लोगों ने विरोध भी दर्ज कराया था। जिस कारण एक माह में भी केन्द्रीय मंत्री महामना का समय बदलवाने में सफल नहीं रहे है। बैसे भी बुंदेलखड क्षेत्र को एक और नई ट्रेन मिलने जा रही है और वह प्रयागराज से यशवंतनगर जो सप्ताह में एक दिन चलेगी। इस ट्रेन से भी बुंदेलखड के लोगों को काफी सहूलियत मिल सकेगी। अभी छतरपुर स्टेशन से आधा दर्जन से अधिक ट्रेने गुजर रही है और इन ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ भी देखी जाती है। कुल मिलाकर यदि यह कहा जाए कि छतरपुर रेल्वे स्टेशन से मुम्बई-अहमदाबाद सहित अन्य नगरों के लिए ट्रेन की सुविधा है।

### चैन पुलिंग करने वालों के विरूद्व आरपीएफ की कार्यवाही -

**रेल्वे यात्रियों की सुरक्षा तथा ट्रेनों का निर्विवाद** संचालन को ध्यान में रखते हुए आरपीएफ खजुराहो द्वारा खजुराहो उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में बिना किसी बैध कारण चैन पुलिंग करने वाले व्यक्ति को तत्परता एवं सतर्कता से पकड़ कर उनके विरूद्व रेल्वे अधिनियमों के प्रावधानों के तहत विधिक कार्यवाही की गई। रेल्वे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना बास्तविक आपात स्थिति के चैन पुलिंग करना एक दण्डनीय अपराध है। इस प्रकार की घटनाओं से ट्रेनों का समय प्रभावित होता है और अन्य यात्रियों को असुविधा होती है। आरपीएफ ने यात्रियों से अपील की है कि वह बिना किसी आपात स्थिति के चैन पुलिंग ना करें तथा रेल्वे नियमों का पालन करते हुए सुगम रेल यात्रा में सहयोग दें।

---

## खबर संक्षेप

### डिजिटल न्याय और साइबर सुरक्षा से सशक्त होंगे पैरालीगल वालंटियर्स

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आयोजित किया एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम**

**छतरपुर।** डिजिटल न्याय प्रणाली को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, छतरपुर द्वारा शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन में पैरालीगल वालंटियर्स के लिए कोर्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम एवं साइबर सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल न्याय प्रणाली को जन-जन तक पहुंचाने में पैरालीगल वालंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा और ई-कोर्ट सेवाओं की जानकारी समाज तक पहुंचाकर आम नागरिकों को डिजिटल न्याय व्यवस्था से जोडऩा इस प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने पांच तकनीकी सत्रों में प्रतिभागियों को कोर्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम (सीआईएस), ई-फाइलिंग, ई-पे, ई-समन, ई-कोर्ट सेवाएं, केस स्टेटस एवं कॉज लिस्ट देखने की प्रक्रिया सहित विभिन्न डिजिटल न्याय सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

जिला न्यायालय के सिस्टम ऑफिसर अभिषेक नेमा ने सीआईएस 3.2, ई-कोर्ट मोबाइल एप एवं सिटिजन सर्विसेज पोर्टल का लाइव डेमो प्रस्तुत कर प्रतिभागियों को डिजिटल सेवाओं के व्यावहारिक उपयोग से अवगत कराया। वहीं साइबर सेल की नेहा गुर्जर ने फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई फ्रॉड, सोशल मीडिया स्कैम, आइडेंटिटी थेफ्ट, मालवेयर एवं रैनसमवेयर जैसे साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपाय बताए। अंतिम सत्र में मजबूत पासवर्ड बनाने, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, डेटा प्राइवेसी तथा साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में सीजेएम स्वाती निवेश जायसवाल, जिला रजिस्ट्रार राहुल जैन, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड) सहित जिला न्यायालय के न्यायिक अधिकारी एवं पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र चढ़ार ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विष्णु प्रसाद सोलंकी ने व्यक्त किया।

---

# 5 दिन से कचरे में दबी नगरपालिका, जनप्रतिनिधि गायब... जनता पूछ रही- आखिर जिम्मेदार कौन?

### बारिश के बीच सड़कों पर कचरे के पहाड़, कई स्थानों पर मृत पशु पड़े, बदबू से लोगों का जीना मुश्किल



**नौगांव।** नगर पालिका नौगांव की सफाई व्यवस्था पिछले पांच दिनों से पूरी तरह ठप्प पड़ी है। सफाईकर्मियों की हड़ताल का सीधा असर अब पूरे नगर में दिखाई देने लगा है। लगातार हो रही बारिश ने हालात और गंभीर कर दिए हैं। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, नालियां जाम हैं और कई स्थानों पर मृत पशु पड़े होने से बदबू फैल रही है। यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

सबसे बड़ा सवाल नगर के जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की भूमिका पर खड़ा हो रहा है। जिन 20 वार्डों की जनता ने पार्षद चुनकर भेजे, वे अब इस गंभीर संकट पर लगभग मौन नजर आ रहे हैं। यही स्थिति कई पूर्व अध्यक्षों, पार्षदों की भी है। नगर की जनता पूछ रही है कि चुनाव के समय हर गली-मोहल्ले में नजर आने वाले जनप्रतिनिधि आखिर इस संकट की घड़ी में कहां हैं? सांसद, विधायक और पूर्व विधायक भी अब तक कोई ठोस पहल करते दिखाई नहीं दिए हैं। नगर में पांच दिनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, लेकिन अब तक ऐसा कोई प्रयास सामने नहीं आया जिससे लोगों को यह भरोसा मिले कि समस्या का जल्द समाधान होगा। लोगों का कहना है कि केवल बैठकों और आश्वासनों से नगर साफ नहीं होगा।

नगर पालिका अध्यक्ष और परिषद की ओर से सफाई मित्रों के साथ कई दौर की बातचीत होने की बात कही जा रही है, लेकिन पांच दिन बीतने के बाद भी न तो हड़ताल समाप्त हुई और न ही सफाई व्यवस्था बहाल हो सकी। प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश जरूर दिए हैं, लेकिन उसका असर अभी तक सड़कों पर दिखाई नहीं दे रहा। नगर में लगातार फैल रही गंदगी और बदबू के बीच लोग स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। बारिश के मौसम में कचरे के ढेर और जाम नालियां मच्छरों व संक्रमण को बढ़ावा दे सकती हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार तंत्र किसी बड़ी बीमारी के फैलने का इंतजार कर रहा है?

### इनका कहना है -

सफाई मित्रों के प्रतिनिधियों और उनके नेतृत्व कर रहे पार्षद को चर्चा के लिए बुलाया गया था, लेकिन कोई उपस्थित नहीं हुआ। नगर पालिका सीएमओ को वैकल्पिक सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

**गोपाल शरण पटेल**
एसडीम, नौगांव

---

# निर्माणाधीन पुल बना हादसे की वजह, पुल से नीचे गिरी पुलिस कार; एयरबैग ने बचाई दो पुलिसकर्मियों की जान



**हरपालपुर।** छतरपुर जिले के हरपालपुर बायपास पर गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात निर्माणाधीन पुल पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। काकुनपुरा चौकी से हरपालपुर थाने की ओर जा रही पुलिस की कार निर्माणाधीन पुल से नीचे जा गिरी। कार में काकुनपुरा चौकी प्रभारी राजेंद्र बागरी और हरपालपुर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक बृजराज सिंह परमार सवार थे। हादसे में दोनों को मामूली चोटें आईं, जबकि कार के एयरबैग समय पर खुल जाने से उनकी जान बच गई।

जानकारी के अनुसार, पुलिस वाहन देर रात ड्यूटी के दौरान हरपालपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान क्षेत्र में हुई बारिश के कारण निर्माणाधीन बायपास और पुल का हिस्सा स्पष्ट दिखाई नहीं दिया। चालक ने निर्माणाधीन मार्ग को सामान्य सड़क समझ लिया, जिससे वाहन मिट्टी के ढेर पर चढ़ते हुए सीधे पुल से नीचे जा गिरा। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों पुलिसकर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाला और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई।

हरपालपुर थाना प्रभारी आर.एस. सिकरवार ने बताया कि दुर्घटना में चौकी प्रभारी राजेंद्र बागरी और प्रधान आरक्षक बृजराज सिंह परमार को केवल मामूली चोटें आई हैं। दोनों की हालत पूरी तरह खतरे से बाहर है तथा मामले की जांच की जा रही है।

हादसे के बावजूद प्रधान आरक्षक बृजराज सिंह परमार प्राथमिक उपचार के बाद सामान्य रूप से थाने की ड्यूटी पर लौट आए। वहीं चौकी प्रभारी राजेंद्र बागरी भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खजुराहो में वीआईपी ड्यूटी के लिए रवाना हो गए। घटना ने निर्माणाधीन बायपास पर सुरक्षा इंतजामों और पर्याप्त संकेतक (साइन बोर्ड एवं बैरिकेडिंग) की आवश्यकता को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

---

# शांति नगर कॉलोनी में हाईटेंशन विद्युत लाइन का विरोध, वार्डवासियों ने मोहल्ले में दिया धरना



**छतरपुर।** शहर के वार्ड क्रमांक 34 स्थित शांति नगर कॉलोनी की मुख्य गली में बिजली विभाग द्वारा विद्युत लाइन बिछाने के कार्य का स्थानीय रहवासियों ने विरोध किया। नाराज वार्डवासियों ने मोहल्ले में ही धरना देकर विभाग के निर्णय पर आपत्ति जताई और कार्य तत्काल रोकने की मांग की।

प्रदर्शन कर रहे रहवासियों का कहना है कि मुख्य गली से हाईटेंशन विद्युत लाइन निकालने से भविष्य में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। उनका आरोप है कि घनी आबादी वाले क्षेत्र से इस प्रकार की लाइन डालना लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है, जिससे जनहानि की आशंका बनी रहेगी। वार्डवासियों ने मांग की कि बिजली विभाग जनहित को ध्यान में रखते हुए हाईटेंशन विद्युत लाइन का मार्ग परिवर्तित करे और इसे किसी अन्य सुरक्षित स्थान से निकाला जाए। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांग पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में कॉलोनी के रहवासी मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करने तथा लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की।

---

# प्रधानमंत्री आवास योजना से नाम कटने पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, 75 पंचायतों के हजारों लोगों ने सौंपा ज्ञापन



**नौगांव।** नौगांव तहसील की 75 ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची से नाम हटाए जाने के विरोध में लामबंद हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब 8 हजार पात्र हितग्राहियों के नाम योजना की सूची से हटा दिए गए हैं, जिससे उन्हें पक्के मकान का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन के समक्ष अपनी मांग रखते हुए दोबारा जांच कर पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। नौगांव तहसील क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नौगांव पहुंचकर अपनी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि से जुड़े मामलों में सक्रिय कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार नौगांव को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जिन परिवारों के नाम सूची से हटाए गए हैं, वे सभी योजना के पात्र हैं और उन्हें आवास योजना का लाभ मिलना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है, लेकिन पात्र होने के बावजूद हजारों लोगों के नाम सूची से बाहर होने से उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है और वे लंबे समय से इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि सभी पात्र हितग्राहियों के नामों की निष्पक्ष और पुनः जांच कराई जाए तथा जिनके नाम बिना उचित कारण के हटाए गए हैं, उन्हें दोबारा सूची में शामिल कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। इस दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

---



# छतरपुर में एनएसयूआई का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का फूंका पुतला

**छतरपुर।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शुक्रवार को छतरपुर में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालते हुए नारेबाजी के साथ छत्रसाल चौक पहुंचे, जहां उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि छात्र हितों की अनदेखी किए जाने के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया है।

एनएसयूआई पदाधिकारियों ने बताया कि छात्र-युवा वर्ग की समस्याओं को लेकर संगठन लगातार आंदोलन कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

कार्यकर्ताओं ने यह भी जानकारी दी कि आगामी दिनों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली में एक बड़ा छात्र आंदोलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से बड़ी संख्या में छात्र और युवा शामिल होंगे।

---

# कलेक्टर के निर्देशन में 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत सरस्वती विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले में संचालित 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को सिंचाई कॉलोनी स्थित सरस्वती विद्यालय में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला छतरपुर द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी राजेन्द्र कोष्टा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्राचार्य, खेलो इंडिया प्रशिक्षक दीपक मिश्रा, मलखंब एसोसिएशन के सचिव सौरभ कुशवाहा, विद्यालय का स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित नागरिकों को नशे से दूर रहने, समाज में नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता फैलाने तथा स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ लेकर स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### कलेक्टर पार्थ जैसवाल की संवेदनशीलता और कुशल निर्देशन में समाप्त हुआ अनशन

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के कुशल नेतृत्व एवं संवेदनशील प्रशासनिक पहल के परिणामस्वरूप विभिन्न मांगों को लेकर अमित भटनागर द्वारा किया जा रहा अनशन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया। अमित भटनागर का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा था स्वास्थ्य सुधार के पश्चात उनकी इच्छानुसार वे बिजावर पहुंचे।कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर विनय द्विवेदी ने चर्चा कर उनकी मांगों को गंभीरता से सुना तथा नियमानुसार न्यायसंगत कार्रवाई का भरोसा दिलाया, जिसके बाद अनशन समाप्त करने पर सहमति बनी।

अनशन के दौरान प्रशासन लगातार संवाद करता रहा। पन्ना जिले की रूंझ एवं मझगांव परियोजना से संबंधित मामलों में प्रभावितों को पन्ना जिला प्रशासन से समन्वय करने की समझाइश दी गई। वहीं, छतरपुर जिले के केन-बेतवा परियोजना से संबंधित शिकायतों के लिए कलेक्टर के निर्देश पर जांच दल गठित कर दिया गया है, जो गांव-गांव जाकर परीक्षण करेगा ताकि सभी शिकायतों का नियमानुसार निराकरण किया जा सके।

कुपी में नेतृत्व कर रहे अमित भटनागर को स्वास्थ्य परीक्षण एवं देखभाल के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी इच्छा के अनुरूप बाद में उन्हें बिजावर लाया गया, जहां अपर कलेक्टर विनय द्विवेदी ने उनसे विस्तृत चर्चा कर उनकी मांगें सुनीं और नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके उपरांत अनशन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया।

---

# रेलवे स्टेशन पर पार्किंग ठेकेदार पर गुंडागर्दी के आरोप

## ई-रिक्शा चालकों से मारपीट; मामला थाने पहुंचा



**छतरपुर।** छतरपुर रेलवे स्टेशन की पार्किंग व्यवस्था एक बार फिर विवादों में आ गई है। ई-रिक्शा चालकों ने पार्किंग ठेकेदार से जुड़े लोगों पर जबरन पार्किंग शुल्क वसूलने, मारपीट करने और एक ई-रिक्शा को जबरन रोकने का आरोप लगाया है। घटना के बाद बड़ी संख्या में चालक सिविल लाइन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि वे रेलवे स्टेशन परिसर के अंदर प्रवेश नहीं किए थे, इसके बावजूद उनसे पार्किंग शुल्क मांगा गया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो कथित तौर पर पार्किंग ठेकेदार के लोगों ने उनके साथ अभद्रता की और मारपीट कर दी। चालकों का आरोप है कि बिना किसी वैध आधार के उनसे पैसे वसूलने का प्रयास किया गया तथा एक ई-रिक्शा को जबरन रोक लिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक सिविल लाइन थाने पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू करते हुए आरोपित पक्ष के कुछ लोगों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन की पार्किंग व्यवस्था को लेकर यह पहला विवाद नहीं है। इससे पहले भी पार्किंग ठेकेदार और उसके कर्मचारियों पर यात्रियों एवं वाहन चालकों के साथ अभद्र व्यवहार, विवाद और जबरन वसूली जैसे आरोप लगते रहे हैं। लोगों का कहना है कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

ई-रिक्शा चालकों ने प्रशासन और रेलवे से मांग की है कि स्टेशन परिसर की पार्किंग व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए, अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए तथा घटना में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**खबर संक्षेप**

## एक साथ लापता हुईं दो नाबालिग सहेलियां सकुशल बरामद, सीसीटीवी फुटेज से खुला गुमशुदगी का राज

रीवा। शहर के समान थाना क्षेत्र से रहस्यमयी परिस्थितियों में एक साथ लापता हुईं दो नाबालिग सहेलियों को पुलिस ने महज कुछ घंटों की तलाश के बाद सकुशल दस्तयाब कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर दोनों किशोरियों की गतिविधियों का पता लगाया। इसके बाद पुलिस टीम ने मनगवां थाना क्षेत्र के आबी गांव से दोनों को सुरक्षित बरामद कर लिया। प्राथमिक काउंसलिंग के बाद दोनों किशोरियों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, समान थाना क्षेत्र निवासी दोनों नाबालिग किशोरियां दसवीं कक्षा की छात्राएं हैं और आपस में घनिष्ठ सहेलियां हैं। परिजनों के मुताबिक, दोनों अपने-अपने घरों में रात तक मौजूद थीं, लेकिन सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो दोनों अपने घरों से गायब मिलीं। एक साथ दो नाबालिग लड़कियों के लापता होने से परिवारों में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजन समान थाने पहुंचे और गुमशुदगी की सूचना दी।मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना पुलिस तत्काल सक्रिय हुई। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें दोनों किशोरियां देर रात अपने-अपने घरों से निकलकर एक साथ जाते हुए दिखाई दीं। इसी महत्वपूर्ण सुराग के आधार पर पुलिस ने संभावित स्थानों पर तलाश शुरू की और अलग-अलग टीमों को रवाना किया। लगातार रातभर चले सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दोनों किशोरियां मनगवां थाना क्षेत्र के आबी गांव में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों को सकुशल दस्तयाब कर लिया। इसके बाद उन्हें थाने लाकर आवश्यक पूछताछ और प्राथमिक काउंसलिंग की गई।समान थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार के अपहरण या आपराधिक घटना के संकेत नहीं मिले हैं। पूछताछ में सामने आया कि दोनों सहेलियां अपनी इच्छा से घर से निकली थीं। पुलिस ने दोनों किशोरियों की काउंसलिंग कराने के बाद उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। साथ ही परिजनों को भी बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने और उनकी मानसिक एवं भावनात्मक स्थिति पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई है।

## इतिहास तो चंद्रशेखर आजाद जैसे महान क्रान्तिकारी का होता है: अजय खरे

रीवा। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने बताया कि 23 जुलाई की तारीख का राष्ट्रीय महत्व है क्योंकि इसी दिन महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का जन्म 120 वर्ष पहले मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले के भाबरा गांव (अब चंद्रशेखर आजाद नगर) में 23 जुलाई 1906 को हुआ था। श्री खरे ने चंद्रशेखर आजाद के त्याग बलिदान की पावन जीवन स्मृति को नमन करते हुए उन्हें याद किया। श्री खरे ने कहा कि इतिहास ऐसे महान क्रांतिकारियों का होता है, गद्दारों और माफी खोरों का नहीं। श्री खरे ने बताया कि 51 वर्ष पहले देश पर थोपे गए आपातकाल के दौरान उन्हें 23 जुलाई 1975 को लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चलाए जा रहे देशव्यापी संपूर्ण क्रांति आंदोलन में सक्रिय भागीदारी के चलते मीसा के अंतर्गत 18 महीने 6 दिन तक रीवा केंद्रीय कारागार में निरुद्ध रखा गया। जनवरी 1977 में लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद सभी राजनीतिक बंदियों की बिना शर्त रिहाई शुरू हुई जिसके चलते 29 जनवरी 1977 को हमें रिहा किया गया। श्री खरे ने कहा कि देश ने मौजूदा समय में अघोषित आपातकाल जैसे हालात हैं।

# रिश्वत कांड में फिर फंसा एक जेई

## लोकायुक्त ने दर्ज की एफआईआर

**शहर संभाग के पदस्थ जेई प्रदीप दुबे पर उपभोक्ता से कार्रवाई के नाम पर 50 हजार रिश्वत मांगने का आरोप, बिजली विभाग ने कार्रवाई के नाम पर की खानापूर्ति**

रीवा।



बिजली विभाग में कार्रवाई के नाम पर कथित वसूली का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। शहर संभाग में पदस्थ जूनियर इंजीनियर (जेई) प्रदीप दुबे के खिलाफ 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने में विशेष पुलिस स्थापना (लोकायुक्त) रीवा ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले में एक निजी व्यक्ति राज पटेल को भी सहआरोपी बनाया गया है। शिकायत के सत्यापन के दौरान रिश्वत मांगने से जुड़ी बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग, ट्रांसक्रिप्ट और अन्य साक्ष्य एकत्र किए गए, जिसके आधार पर लोकायुक्त ने प्रथम दृष्टया आरोप सही मानते हुए अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रकरण दर्ज होने के बाद लोकायुक्त के पत्र पर बिजली विभाग ने जेई प्रदीप दुबे को शहर संभाग से हटाकर पश्चिम संभाग के हिन्नौता डीसी में पदस्थ कर दिया है।लोकायुक्त में दर्ज शिकायत के अनुसार संजय नगर निवासी विकास सिंह ने 22 जून को पुलिस अधीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना (लोकायुक्त) को लिखित आवेदन दिया था। शिकायत में बताया गया कि उनके मौसेरे भाई बालेन्द्र सिंह के रतहरा स्थित मकान पर बिजली विभाग के जेई प्रदीप दुबे जांच के लिए पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिजली चोरी का मामला बताते हुए कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कार्रवाई से बचाने के बदले जेई ने 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। शिकायत मिलने के बाद उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार ने शिकायत का सत्यापन शुरू कराया। शिकायतकर्ता को एक डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर उपलब्ध कराया गया और रिश्वत मांगने संबंधी बातचीत रिकॉर्ड करने के निर्देश दिए गए। 22 जून की शाम शिकायतकर्ता जेई प्रदीप दुबे एवं उनके साथ मौजूद निजी व्यक्ति राज पटेल से मिला। शिकायत के अनुसार इस दौरान दोनों ने 50 हजार रुपये लेने पर सहमति जताई। पूरी बातचीत डिजिटल रिकॉर्डर में रिकॉर्ड कर ली गई। अगले दिन शिकायतकर्ता ने सीलबंद रिकॉर्डर लोकायुक्त कार्यालय में जमा कराया। पंच साक्षियों की मौजूदगी में रिकॉर्डर खोला गया और रिकॉर्डेड बातचीत सुनी गई। शिकायतकर्ता ने अपनी तथा आरोपियों की आवाज की पहचान की, जिसके बाद पूरी बातचीत का ट्रांसक्रिप्ट तैयार किया गया। रिकॉर्डिंग की चार सीडी तैयार कर उन्हें भी विधिवत सीलबंद किया गया।

### जांच में प्रथम दृष्टया सही पाए गए आरोप

लोकायुक्त की जांच में शिकायत, ऑडियो रिकॉर्डिंग, ट्रांसक्रिप्ट और पंचनामा के आधार पर प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि जेई प्रदीप दुबे एवं निजी व्यक्ति राज पटेल ने अपने पद और प्रभाव का उपयोग करते हुए शिकायतकर्ता से अवैध रूप से 50 हजार रुपये लेने की सहमति दी थी। इसके आधार पर दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा-7 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 61(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई।

### लोकायुक्त के पत्र पर विभाग ने

प्रकरण दर्ज होने के बाद विशेष पुलिस स्थापना (लोकायुक्त) के पुलिस अधीक्षक ने अधीक्षण अभियंता, बिजली विभाग को पत्र भेजा। इसके बाद विभाग ने प्रदीप दुबे को शहर संभाग से हटाकर पश्चिम संभाग के हिन्नौता डीसी में स्थानांतरित कर दिया। हालांकि विभाग ने इस मामले को सार्वजनिक रूप से उजागर नहीं किया और केवल स्थानांतरण की कार्रवाई की। जबकि मामला दर्ज होने के बाद उक्त जीप पर विभाग द्वारा निलंबन की कारवाई किया जाना चाहिए था।

### पहले भी इसी कुर्सी पर फंस चुके हैं जेई

**यह पहला मामला नहीं है। जिस पद पर वर्तमान में प्रदीप दुबे पदस्थ थे, उसी पद पर पहले जेई किशोर त्रिपाठी भी रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त की कार्रवाई का सामना कर चुके हैं। उस समय भी मामला सामने आने के बाद उनका स्थानांतरण किया गया था।**

लगातार दूसरी बार एक ही पद पर पदस्थ अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप सामने आने से बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

**मामला दबाए बैठा है विभाग**

**बिजली विभाग के जेई के खिलाफ लोकायुक्त ने प्रकरण दर्ज किया लेकिन मामले का खुलासा नहीं किया। सूत्रों की मानें तो प्रदीप के अलावा और भी अधिकारियों की शिकायतें हैं। विभाग मामले को उजागर होने के बाद ही शहर संभाग से जेई को इधर-उधर कर देता है।**

## बीच शहर ज्वेलरी शॉप में चोरी, शटर तोड़कर लाखों के जेवर और नकदी ले उड़ा बदमाश

**सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात,सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत मामला**



रीवा। शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील माने जाने वाले सिविल लाइन थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए बीच शहर स्थित ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाया। पदमधर कॉलोनी में संचालित श्री सिद्धिविनायक ज्वेलरी शॉप में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश शटर तोड़कर दुकान के भीतर घुस गया और शोकेस के कांच तोड़ते हुए सोने-चांदी के आभूषणों के साथ नकदी लेकर फरार हो गया। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और साइबर सेल की टीम मौके पर पहुंची तथा वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी। दुकान संचालक संतोष सोनी के पुत्र ओम सोनी ने बताया कि उनकी ज्वेलरी शॉप पदमधर कॉलोनी में संचालित होती है। प्रतिदिन की तरह गुरुवार रात दुकान बंद कर सभी लोग अपने घर चले गए थे। तड़के करीब 3:20 बजे एक अज्ञात युवक दुकान के सामने पहुंचा। उसने पहले शटर को क्षतिग्रस्त कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद दुकान के भीतर रखे शोकेस के कांच तोड़े और उनमें रखे सोने-चांदी के आभूषणों के साथ गल्ले में रखी नकदी समेटकर फरार हो गया। आरोपी ने पूरी वारदात कुछ ही मिनटों में अंजाम दी।ओम सोनी ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे एक व्यक्ति ने उनके पिता संतोष सोनी को फोन कर दुकान का शटर टूटा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग तत्काल दुकान पहुंचे। वहां देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ था, शोकेस के कांच बिखरे पड़े थे और दुकान का पूरा सामान अस्त-व्यस्त था। जांच करने पर पता चला कि दुकान में रखे आभूषण और नकदी गायब हैं। इसके बाद तत्काल सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना दी गई। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखने पर पूरी वारदात सामने आ गई। फुटेज में एक युवक अकेले दुकान का शटर तोड़ते हुए अंदर प्रवेश करता दिखाई दे रहा है। इसके बाद वह तेजी से शोकेस तोड़कर आभूषण और नकदी समेटता है तथा कुछ ही मिनटों में मौके से फरार हो जाता है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपी की पहचान शुरू कर दी है। दुकान संचालक के अनुसार अभी चोरी गए माल का पूरा हिसाब नहीं हो सका है। दुकान में रखे स्टॉक का मिलान किया जा रहा है। इसके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि कितने मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और कितनी नकदी चोरी हुई है। पुलिस का कहना है कि दुकान संचालक से विस्तृत सूची मिलने के बाद चोरी गए सामान का वास्तविक मूल्य सामने आएगा।बॉक्स *व्यापारियों में दहशत, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल*शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र में स्थित ज्वेलरी शॉप में हुई चोरी की इस घटना ने स्थानीय व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। व्यस्त इलाके में देर रात बदमाश द्वारा आराम से शटर तोड़कर चोरी करने की घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## नीट पेपर लीक पर युवा कांग्रेस-एनएसयूआई ने भाजपा कार्यालय का किया घेराव

**बैरिकेड पार करने की कोशिश पर पुलिस से धक्का-मुक्की, कई कार्यकर्ता हिरासत में**



रीवा। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर शुक्रवार को रीवा में युवक कांग्रेस और राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) ने जिला भाजपा कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इस दौरान भाजपा कार्यालय की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहे कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी धक्का-मुक्की एवं रस्साकसी हुई। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर मौके से हटाया।प्रदर्शन के दौरान युवक कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर परीक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में कथित अनियमितताओं ने लाखों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का विश्वास तोड़ा है। प्रदर्शनकारी लगातार केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। भाजपा कार्यालय की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही बैरिकेडिंग कर भारी पुलिस बल तैनात किया था। प्रदर्शनकारी जब बैरिकेड पार कर भाजपा कार्यालय की ओर बढ़ने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई और पुलिस तथा प्रदर्शनकारियों के बीच काफी देर तक धक्का-मुक्की और रस्साकसी चलती रही। कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड हटाने और आगे बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें सफल नहीं होने दिया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शन जारी रहने पर कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर पुलिस वाहनों के माध्यम से मौके से हटाया गया। इस दौरान प्रदर्शन में शामिल कुछ लोगों को हल्की चोटें आने की भी जानकारी सामने आई। पूरे घटनाक्रम के दौरान भाजपा कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। प्रदर्शन के उपरांत एनएसयूआई और युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि नीट पेपर लीक का मुद्दा केवल विद्यार्थियों का नहीं बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा विषय है। उनका कहना था कि परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता पर उठे सवालों ने लाखों मेहनती छात्रों की उम्मीदों को झटका दिया है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दें। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। उनका कहना था कि यह मुद्दा अब गांव-गांव तक पहुंच चुका है और छात्र-युवा वर्ग लगातार इस विषय पर अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन विभिन्न चरणों में जारी रहेगा।

## अवैध शराब कारोबार पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

## 1780 किलो महुआ लाहन और 137 लीटर कच्ची शराब जप्त



रीवा। आबकारी विभाग ने अवैध शराब निर्माण और कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए वृत्त-बरौली एवं अन्य क्षेत्रों में छापेमार कार्यवाही की। इस दौरान 11 अलग-अलग प्रकरणों मे कुल 1780 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 137 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की गई।जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 1 लाख 98 हजार 550 रुपए बताई गई है।

आबकारी टीम द्वारा वृत्त-बरौली में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए ग्राम-लाही मे राजकली माझी के रिहायशी मकान से 300 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,उर्मिला माझी के रिहायशी मकान से 180 किलोग्राम महुआ लाहन,छोटे लाल माझी के रिहायशी मकान से 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा ग्राम-बरौली ठाकुरान मे अनीता माझी के रिहायशी मकान से 100 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,फूल कली बर्मा के रिहायशी मकान से 200 किलोग्राम महुआ लाहन,कुसुम कली बर्मा के रिहायशी मकान से 200 किलोग्राम महुआ लाहन ग्राम-परसिया मे बुद्ध सेन कुशबाहा के रिहायशी मकान से 100 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम-पनासी मे विजय प्रताप सिंह के रिहायशी 27 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,ग्राम-संदोहा मे चंद्र पाल कोरी के रिहायशी मकान से 05 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,ग्राम -डोरी मे फूलनदेवी मल्लाह के रिहायशी मकान से 100 किलोग्राम महुआ लाहन ग्राम-गढ़वा मे जयकरण बर्मा के रिहायशी मकान से 100 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, जब्त कर म॰प्र० आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च)के तहत प्रकरण दर्ज किये गये। कार्यवाही में कुल 11 प्रकरणों मे 1780 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 137 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 198550रुपए /- है।सहायक आबकारी आयुक्त रीवा द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के परिवहन,निर्माण विक्रय के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश्वर सिंह ठाकुर,अजय श्रीवास्तव आरक्षक वेदप्रकाश तिवारी,अखिलेश शुक्ला,आशीष गुप्त,अतुल बागरी,शुभम द्विवेदी,सुमित पयासी,राहुल पाण्डेय,आकांक्षा द्विवेदी,अपर्णा सोधिया ,रीतू कोरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रेडक्रॉस द्वारा आधुनिक मशीनों से बने सहायक उपकरण वितरित



रीवा । राष्ट्रीय थर्मल इंजीनियरिंग दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित जिला निःशक्त पुनर्वास केंद्र में पंकज गुप्ता पिता गिरधारी लाल गुप्ता निवासी रायपुर कर्चुलियान को सहायक उपकरण प्रदान किया गया। वे जन्मजात बीमारी से ग्रसित थे, जिससे चलने परेशानी होती थी। उनके लिए पुनर्वास केंद्र रीवा द्वारा राइट कैलीपर केएएफओ तैयार कर लगाया गया। प्रियंका प्रजापति घुरेहटा मऊगंज को बोथ लेवल एएफओ चेयरमैन डॉक्टर प्रभाकर चतुर्वेदी द्वारा निःशुल्क वितरित किया गया। इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट रेडक्रास सेवानिवृत्त आईपीएस देवेंद्र प्रताप सिंह, गौरव गुप्ता, मनीष पाठक, संजय शुक्ला पीयूष मिश्र सहित हितग्राहियों के परिजन उपस्थित रहे। सहायक उपकरण प्राप्त हितग्राहियों एवं उनके परिजनों ने चेयरमैन रेड क्रॉस एवं टीम रेडक्रास के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## कलेक्टर ने छात्रवृत्ति के प्रकरणों का सत्यापन न करने पर 11 को दिया नोटिस

रीवा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजातीय विद्यार्थियों की वर्ष 2025-26 में ऑनलाइन दर्ज छात्रवृत्ति के आवेदनों का सत्यापन न करने पर नोटिस दिया है। कलेक्टर ने रजिस्ट्रार अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय तथा डीन श्यामशाह मेडिकल कालेज रीवा को नोटिस दिया है। कलेक्टर ने प्राचार्य टीआरएस कालेज रीवा, माडल साइंस कालेज, शासकीय कन्या महाविद्यालय तथा प्राचार्य पेन्टियम प्वाइंट रीवा को नोटिस दिया है। कलेक्टर ने प्राचार्य अशासकीय सुदर्शन कालेज लालगांव, अशासकीय एमएल सिटी कालेज रीवा तथा प्राचार्य अशासकीय माँ अष्ठभुजा रीवा रतहरा रीवा को नोटिस दिया है।

## नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0’ अभियान के तहत शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय महसाव मे विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ



रीवा। कलेक्टर एवं एसपी रीवा के निर्देशन में शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय महसाव रीवा में ‘नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0’ अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार सिंह ने नशा मुक्ति का संदेश दिया एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला गया,डीएसपी शिवानी पाठक एवं पुष्पेंद्र यादव थाना प्रभारी गुढ़ ने छात्र-छात्राओं, एवं शिक्षक को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। सभी प्रतिभागियों ने किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनके सकारात्मक संकल्प से ही नशामुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है। शिवानी पाठक ने कहा कि विद्यार्थि स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने प्रेरित करेंगे।कार्यक्रम में वीणा पटेल, राममिलन पटेल, विशाल शुक्ला, ब्रह्मानंद मिश्रा, नवीन शुक्ला, अलीमुद्दीन सिद्दीकी , रिशी करोसिया , राजेश तिवारी, महेंद्र त्रिपाठी, सपना त्रिपाठी,मोहित चौबे, ऋषि दुबे,,'शिवेंद्र चौरसिया, आशुतोष और विद्यालय के समस्त स्टाफ शिक्षक एवं हजारों विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0’ अभियान की थीम पर आकर्षक रंगोली बनाई। रंगोली के माध्यम से स्वस्थ जीवन, जागरूक समाज एवं नशामुक्त भारत का प्रभावी संदेश दिया गया। छात्राओं की रचनात्मक प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसे अभियान के जनजागरूकता प्रयासों का प्रेरणादायी एवं प्रभावी हिस्सा बताया।

## अटल सेवा केंद्र: अब हर पंचायत में डिजिटल सेवाएं, नागरिकों को मिल रही एक ही स्थान पर अनेक सुविधाएं

मऊगंज। कामन सर्विस सेंटर मऊगंज के जिला प्रबंधक विक्रम पाण्डेय ने 23 जुलाई को जनपद सभागार नईगढ़ी में डिजिटल इंडिया अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में बताया कि अटल सेवा केंद्र ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सेवा केंद्र बनकर उभरे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से लोगों को विभिन्न सरकारी, वित्तीय एवं डिजिटल सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है।अटल सेवा केंद्र पर नागरिक आयुष्मान भारत कार्ड, PAN कार्ड, बैंकिंग सेवाएं, पेंशन योजनाएं, किसान पंजीयन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, रेल, बस एवं हवाई यात्रा टिकट बुकिंग तथा टेली-लॉ के माध्यम से निःशुल्क कानूनी परामर्श जैसी अनेक डिजिटल सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।इसी क्रम में आज से हम अपनी पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र में दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों तथा असहाय जरूरतमंद लोगों को घर बैठे CSC सेवाएँ उपलब्ध कराने का विशेष अभियान प्रारंभ कर रहे हैं।सीएससी केंद्रों का उद्देश्य सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना, डिजिटल सेवाओं को सरल बनाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय एवं डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षित सेवा प्रदाताओं द्वारा नागरिकों को पारदर्शी, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।प्रशासन एवं सेवा प्रदाताओं का कहना है कि अधिक से अधिक नागरिक अटल सेवा केंद्रों का उपयोग कर सरकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाएं तथा आत्मनिर्भर एवं डिजिटल भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।इस अवसर पर त्रिवेणी बहुद्देशीय जन कल्याण संस्था प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी और आशीष कुमार शुक्ला के साथ सीएससी कार्यकर्ताओं मौजूद रहे हैं।

## मानवता की मिसाल बनी नईगढ़ी पुलिस: लावारिस मिले मासूम को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा, अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी ने किया सहयोग



मऊगंज। पुलिस का कार्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता करना भी है। इसका एक संवेदनशील उदाहरण जिले के थाना नईगढ़ी में देखने को मिला, जहां लावारिस हालत में मिले लगभग 6–7 वर्षीय एक बोलने में असमर्थ बालक की पुलिस ने न केवल सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि उसके प्रति मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए नए कपड़े और चप्पल भी उपलब्ध कराए।जानकारी के अनुसार, यह मासूम बच्चा नईगढ़ी क्षेत्र में कई दिनों से इधर-उधर भटकता हुआ दिखाई दे रहा था। सूचना मिलने पर नईगढ़ी पुलिस ने उसे सुरक्षित संरक्षण में लिया। बच्चे से उसका नाम और पता पूछने का प्रयास किया गया, लेकिन वह बोलने में असमर्थ होने के कारण कोई जानकारी नहीं दे सका। उसके शरीर पर पहने कपड़े कई दिनों से गंदे,फटे और बदहाल स्थिति में थे, जबकि पैरों में चप्पल भी नहीं थी।बच्चे की यह स्थिति देखकर थाना प्रभारी गोविंद प्रसाद तिवारी ने तत्काल उसके लिए नए कपड़े और नई चप्पल की व्यवस्था कराई। बच्चे को भोजन एवं आवश्यक देखभाल भी उपलब्ध कराई गई, जिससे वह स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सके।पुलिस ने बच्चे की पहचान कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए। उसकी शर्ट पर ₹SAHER PUBLIC SCHOOL, ALLAHABAD₹ अंकित होने के आधार पर भी जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया। सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर सूचना प्रसारित की गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक बच्चे के परिजनों का पता नहीं चल सका।इसके बाद किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) से संबंधित प्रावधानों के तहत आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर बच्चे को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया, जहां उसकी देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी, साथ ही उसके परिजनों की तलाश जारी रहेगी।इस मानवीय कार्य में अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। संस्था की ओर से सुरेंद्र प्रसाद चतुर्वेदी एवं आशीष शुक्ला ने पुलिस के साथ मिलकर बच्चे की देखभाल, आवश्यक व्यवस्थाओं और पूरी प्रक्रिया में सहयोग किया।इस अवसर पर अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी ने आमजन से अपील की कि यदि कहीं कोई लावारिस, लापता या भटका हुआ बच्चा दिखाई दे, तो उसे असहाय छोड़ने के बजाय तत्काल उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करें और निकटतम पुलिस थाने, डायल 112 अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें। समय पर दी गई एक सूचना किसी मासूम बच्चे को उसके परिवार से मिलाने और उसके भविष्य को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।नईगढ़ी पुलिस की यह पहल केवल कानून के पालन तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसने यह संदेश भी दिया कि पुलिस समाज के प्रत्येक जरूरतमंद और असहाय व्यक्ति की सहायता के लिए सदैव तत्पर है।